SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जनवरी–फरवरी 2013

सीईओ का संदेश



प्रिय उपभोक्ताओं

बीआरपीएल की ओर से आप और आपके परिवार को नववर्ष 2013 के अवसर पर सुख और समृद्द् की कामना करता हूं।

वर्ष की समाप्ति पर दिल्ली खासतौर से बीआरपीएल ने कई महत्वपूर्ण पड़ावों को पार किया है। दिल्ली ने एक बार फिर से यह साबित किया है कि बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम है और उसने रिकार्ड 5642 मेगावाट की मांग को सफलता पूर्वक हासिल भी किया है। यह अभी तक भारत के किसी भी शहर की बिजली की रिकार्ड मांग रही है। बीआरपीएल ने भी 2012 की गर्मियों के दौरान बिजली के 2338 मेगावाट के अधिकत्तम रिकार्ड को दर्ज किया है जो कि वर्ष 2011 के 2061 मेंगावाट के मुकाबले 13 फीसदी ज्यादा रहा।

जैसा कि जुलाई 2012 दिल्ली नें बिजली निजीकरण के एक दशक पूरे कर लिये हैं और मुझे यह कहने में काफी हद तक संतुष्टि मिल रही है कि उर्जा सुधार ने बेहतरीन परिणाम दिये है और पब्लिक – प्राइवेट – पार्टनरशिप के जरिए हासिल उपलब्धि का शानदार उदाहरण भी पेश किया है। इस तथ्य की स्वीकारोक्ति राष्ट्ीय एंव अर्तराष्ट्ीय ख्याति प्राप्त संस्थाओं और विशेषज्ञों ने भी की है।

पूरे वर्ष के दौरान बीआरपीएल ने बिजली वितरण के क्षेत्र में इंटरनेशनल् कंस्लटेंसी मुहैया कराने की दिशा में सफलत्तम् कदम उठाये है। नाईजीरिया की वृहद् ईपीसी कंपनी रॉ्कशन् इंजीनियरिग जिसका हेड्क्वाट्र लंदन में है और जिसके ऑफिस् दुनिया के दूसरे शहरों में भी है, को कंस्लटेंसी मुहैया करवा रहा है।

यह जानकर आपको प्रसन्नता होगी कि तमाम् प्रतिष्ठित कंपनियों ने बिजली वितरण कंपनियों द्वारा किये गये अनुकरणीय कार्यो को सकारात्मक रुप में संज्ञान लिया है। अक्टूबर में, उर्जा सुधार पर आधारित एसबीआई कैप सिक्योरिटज् की रिपोर्ट ने दिल्ली में उर्जा सुधार कें क्रियान्वयन को सभी ''स्टेकहोल्डर्स के लिए वरदान'' बताया और कहा कि अगर दिल्ली मॉडल को संतुलित रुप से क्रियान्वित किया जाये तो बिजली वितरण क्षेत्र को स्थायित्व मिलेगा। भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी दिल्ली में बिजली की स्थिति पर संतोष प्रकट किया।

भविष्य में हम न सिर्फ कस्ट्मर आधारित प्रयासों में लगातार सुधार जारी रखकर बेहतर सेवा प्रदान करने की कोशिश करेगें बल्कि 24X7 बिजली वितरण के प्रयासों को और भी मजबूती के साथ करेंगें। हमारा फोकस वितरण त्रंत को और मजबूत बनाना और कस्टमर की संतुष्टि के स्तर को बढ़ाने पर रहेगा। आपकी जरुरतों को समझते हुए सर्विस डिलीवरी में लगातार सुधार पर हम अपनी प्रतिबद्ता को जाहिर करते हैं।

भवदीय



गोपाल के सक्सेना

कॉल् करें

हम सुन रहे हैं

डायल बीआरपीएल–39999707

बीआरपीएल ने पड़ोस के इलेक्ट्रिशियन् को प्रशिक्षित किया

दक्षिणी और पश्चिम दिल्ली के आरडब्ल्यूएज से मिले रिस्पांस के बाद बीआरपीएल ने इंटरनल वायरिंग और मीटर के विविध आयामों पर पड़ोस के इलेक्ट्शियनों खासतौर से आरडब्ल्यूएज द्वारा नामित इलेक्ट्शियनों को जागरुक और प्रशिक्षित करने के उददेश्य से कई ट्निंग का आयोजन किया। दक्षिण दिल्ली के सफद्रजंग और पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर में आयोजित ट्निंग सत्र में तकरीबन 250 इलेक्ट्रिशियनों ने हिस्सा लिया।

बीएसईएस पहले भी लोकल इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। पहले के कार्यक्रमों में 1000 से अधिक इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षित किया गया था। ट्रेनिंग में इलेक्ट्रिशियन को आपकी बिजली संबंधी व्यक्तिगत समस्याओं का सुरक्षित तरीके से समाधान करने के तरीको से अवगत कराया गया – जिसमें घरों की आंतरिक वायरिंग की गुत्थियों को बेहतर तरीके से समझना, घरों में मौजूद उपकरणों द्वारा की जाने वाली बिजली की खपत, ईएलसीबी और एमसीबी लगाने की महत्ता और बिजली बचत के नुस्खे जैसे बिन्दु शामिल थे।

दिल्ली में बिजली की स्थिति से सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट

BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy